fssai FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA
Inspiring Trust, Assuring Safe & Nutritious Food

For immediate release

एफएसएसएआई का खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली पोर्टल (FoSCoS) अब हिंदी भाषा में उपलब्ध

FoSCoS पोर्टल के हिंदी संस्करण से उपयोगकर्ता अनुभव एवं पहुंच में होगी बढ़ोतरी

प्रेस विज्ञप्ति

New Delhi, Sep 14, 2023: भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) की खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली पोर्टल (FoSCoS) अब आम लोगों के उपयोग के लिए हिन्दी भाषा में भी लॉन्च कर दी गई है। हिन्दी में पोर्टल की उपलब्धता उपयोगकर्ता अनुभव और पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह खाद्य उद्योग में व्यावसायिक परिचालन दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

एफएसएसएआई की यह पहल ऐसे समय में आई है जब देश 14 सितंबर को हिंदी दिवस मना रहा है। यह व्यवसाय सुविधा सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है।

2020 में अपने राष्ट्रव्यापी लॉन्च के बाद से, FoSCoS देश भर में खाद्य व्यवसायों और नियामक अधिकारियों के लिए एकल पहुंच बिंदु के रूप में उभरा है, जो सभी अनुपालन-संबंधी गतिविधियों को सुव्यवस्थित करता है। इस प्रणाली ने विभिन्न खाद्य सुरक्षा प्रक्रियाओं के डिजिटल परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे देश भर में खाद्य व्यवसायों के लिए नियामक मानदंडों का पालन सरल हो गया है।

FoSCoS के हिंदी संस्करण की शुरूआत यह सुनिश्चित करेगी कि विभिन्न भाषाई पृष्ठभूमि वाले खाद्य व्यवसाय, उद्यमी और हितधारक इसकी सेवाओं तक निर्बाध रूप से पहुंच सकें और उनका लाभ उठा सकें। पोर्टल को जल्द ही अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी शुरू किया जाएगा, जिससे यह उपयोगकर्ताओं के लिए और भी अधिक अनुकूल बन जाएगा।

****